हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 8 मई 2026

12 कुम्भा से जमावड़ी तक ड्रेन के किनारे मजबूत करें...



12 खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा



## खबर संक्षेप

### 7.43 ग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की स्वैट कमांडो टीम एवं डॉग स्क्वायड टीम द्वारा संयुक्त रूप से मिर्जापुर रोड स्थित न्यू गीता कॉलोनी में एएसआई चांदवीर के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान डॉग स्क्वायड की सहायता से पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर एक महिला को काबू कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिला सीमा उर्फ़ काली से लगभग 7.43 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार करके उस पर केस दर्ज कर लिया है।

### खेत से मोटर चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने खेत से मोटर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मतलोढ़ा निवासी संदीप के रूप में हुई है। इस संबंध में मतलोढ़ा गांव के रघुबीर शर्मा ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उसका खेत हसनगढ़ रोड पर स्थित है। गत तीन मई की शाम वह खेत में पानी लगाकर घर लौटा था लेकिन अगले दिन सुबह जब वह खेत गया तो वहां लगी 3 एचपी मोटर गायब मिली। किसी व्यक्ति ने मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोटर चोरी की वारदात कबूल कर ली। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पूर्व में भी चोरी की एक अन्य वारदात में शामिल रहा है।

### चेक बाउंस मामले में पीओ गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने चेक बाउंस मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बडाला निवासी सुरेन्द्र के रूप में हुई है। एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपी सुरेन्द्र के खिलाफ चेक बाउंस का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी लगातार अदालत में पेश नहीं हो रहा था तथा तय तारीखों पर गैरहाजिर चल रहा था। आरोपी की लगातार अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए अदालत द्वारा 23 जनवरी 2025 को उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था।

# सीएम ने उकलाना में भरी हुंकार, बोले-10 के बाद बनेगी ट्रिपल इंजन सरकार

- उकलाना नगर पालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभाओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को उकलाना के नगर पालिका चुनाव में भाजपा से चेयरमैन प्रत्याशी निकिता गोयल के पक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने कबीर छात्रावास, रविदास भवन, रावती फिलिंग स्टेशन के समीप तथा अशोक गर्ग के निवास स्थान पर जनसभाओं को संबोधित किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने चेयरमैन प्रत्याशी निकिता गोयल को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव में लिए संकल्पों को पूरा करती है। प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में 217 संकल्पों में से 63 संकल्प पूर्ण कर लिये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में प्रदेशभर में कमल के फूल के पक्ष में एकतरफा माहौल है। आगामी 10 मई के बाद उकलाना में भी ट्रिपल इंजन सरकार बनने जा रही है, जिसके बाद यहां विकास कार्यों की गति बढक़र तीन गुना हो जाएगी।





### मुख्यमंत्री ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां, कहा - पहले वादे के अनुसार युवाओं को नौकरी दी, फिर ली शपथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चुनावों के बाद उन्होंने अपने वायदे के अनुरूप पहले 25 हजार युवाओं को ज्वायन करवाया और इसके बाद शपथ ली। उन्होंने आयुष्मान भारत और चिरायु योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के डेढ़ करोड़ लोग इस योजना से जुड़े हुए हैं और लगभग 27.5 लाख लोगों का मुफ्त इलाज कराया जा चुका है, जिस पर सरकार ने करीब 4 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। किडनी की बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए डायलिसिस की सुविधा पूरी तरह मुफ्त की गई है। भाजपा सरकार ने चुनावी वायदे के अनुसार गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान, गरीब, महिला और युवा सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उकलाना शहर में पेयजल, अंडरपास तथा गलियों से संबंधित जो भी मुद्दे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक विनोद भ्याना, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, पूर्व मंत्री अनूप धानक, सुरेंद्र आर्य, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर धीरू, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र, श्रीनिवास गोयल, मेयर प्रवीण पोपली, जिप चेयरमैन सोनू सिहाग, रविन्द्र बलियाला, जोगीराम सिहाग, अशोक मित्तल, लक्ष्मण नापा, रवि सैनी, अनिल सैनी मानी, चंद्रप्रकाश बोस्ती, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपरा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शहर में जगह-जगह फैला कचरा, सड़कों और गलियों की सफाई व्यवस्था चरमराई

# फिलहाल नहीं मिलेगी गंदगी के ढेरों से राहत, चार दिन और बढ़ी हड़ताल


**नपा कर्मचारियों के फैसले ने बढ़ाई परेशानी निगम कार्यालयों में पसरा सन्नाटा**


हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर चल रही हड़ताल से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फैली गंदगी उठने व सफाई व्यवस्था सुचारू होने के फिलहाल कोई संकेत नहीं है। हड़ताली कर्मचारियों द्वारा बार-बार अल्टीमेटम देने के बावजूद सरकार एवं संबंधित विभाग की ओर से बातचीत न किए जाने से कर्मचारियों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी के चलते नगरपालिका कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल 11 मई तक बढ़ाने का ऐलान कर दिया है।

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर चल रही हड़ताल से शहर में जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लग गए हैं। मुख्य सड़कों व गलियों की सफाई व्यवस्था भी ठप पड़ी है। हड़ताल की कड़ी में इन कर्मचारियों ने 7 मई तक का अल्टीमेटम दिया था कि उनकी मांगें मान ली जाए या सरकार बात करे लेकिन सरकार एवं संबंधित विभाग की ओर से कोई सकारात्मक जवाब न आने से गुस्साए कर्मचारियों ने गुरुवार को 11 मई तक हड़ताल बढ़ाने का ऐलान कर दिया।

कर्मचारियों का कहना है कि यदि सरकार ने इस दौरान भी बातचीत करके मांगे नहीं मानी तो हड़ताल को और बढ़ा दिया जाएगा।





### गेट पर ताला जड़ नारेबाजी की

नगरपालिका कर्मचारियों की हड़ताल के चलते निगम कार्यालय में कामकाज पूर्णतः ठप रहा। हड़ताली कर्मचारियों ने निगम के गेट पर अंदर से ताला जड़ दिया और अंदर ही धरने पर बैठ गए। इसके चलते न तो अधिकारी कार्यालय के अंदर जा पाए और न ही किसी कार्य के लिए आने वाले शहर के नागरिक। सफाई कर्मचारियों के अलावा अन्य कर्मचारी भी काम पर नहीं गए, जिसकी वजह से कार्यालयों की कुर्सियां खाली पड़ी रही।

### सर्वेक्षण अटका, स्वच्छता के प्रयासों पर फिरा पानी

बताया जा रहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण टीम को हाल ही में सफाई व्यवस्था का जायजा लेना था लेकिन टीम के सर्वेक्षण से पहले ही शहर के हालात इस कद्र बिगड़ चुके हैं कि जगह-जगह लगे कूड़े के ढ़ेर व फैली गंदगी कई दिनों तक भी काबू आने वाली नहीं है। स्वच्छता सर्वेक्षण के ऐन मौके पर हुई हड़ताल ने निगम अधिकारियों के तमाम प्रयासों पर पानी फेर दिया है। नगर निगम प्रशासन ने जिन छोटे डंपिंग स्टेशनों की संख्या को कर्मचारियों और नागरिकों के सहयोग खत्म किया था, आज उनकी संख्या पहले से कई गुना बढ़ गई है। माना जा रहा है कि निगम एरिया में करीब 1400 टन से अधिक कचरा शहर में फैला हुआ है और बदबू मार रहा है। निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए डस्टबिन भी भर चुके हैं और लोग अब उसके आसपास ही कचरा डालने में लग गए हैं।

### निगम में पहुंचे केवल दो अधिकारी

गुरुवार को हड़ताली कर्मचारियों ने निगम के गेट को अंदर से बंद कर दिया लेकिन इससे पहले ही दो अधिकारी कार्यालय में पहुंच गए। इन दोनों अधिकारियों के अलावा कोई अन्य अधिकारी कार्यालय तक नहीं पहुंच पाया।

### अफसरों ने शुरू किया वर्क फ्रॉम होम

निगम में कर्मचारियों की हड़ताल के चलते अधिकारी अपने कार्यालयों में नही जा पा रहे हैं। ऐसे में वे निगम के जरूरी कार्य अपने आवासों से ही निपटा रहे हैं। ऐसे में हड़ताल के चलते निगम अधिकारियों ने वर्क फ्रॉम होम शुरू कर दिया है।

### दमकल कर्मचारी भी डटे

एक तरफ जहां नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है वहीं दमकल कर्मचारी भी पिछले कई दिनों से हड़ताल पर डटे हैं। इन कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है लेकिन वे पीछे हटने वाले नहीं है। दमकल कर्मचारियों ने सरकार के नकारात्मक रवैये पर रोष जताते हुए अपनी हड़ताल 10 मई तक बढ़ाने का ऐलान किया है।

### डोर टू डोर कचरा उठाने वाले एजेंसियां के कर्मचारियों का भी समर्थनः प्रधान

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेंद्र उर्फ गोलू ने कहा कि 1100 से अधिक कर्मचारी पूरी तरह से हड़ताल में शामिल हैं। यहां तक कि निगम एरिया में डोर टू डोर कचरा उठाने वाले व शहर में सफाई कार्य करने वाले एजेंसियां के कर्मचारियों ने भी उनकी हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं करती, उनकी हड़ताल जारी रहेगी। इसी के चलते हड़ताल को 11 मई तक बढाया गया है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के लिए अब 10 तक होंगे पंजीकरण

**हांसी।** प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए श्री नांदेड़ साहिब की विशेष तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। तीर्थ यात्रा के लिए दूसरी विशेष रेल गाड़ी श्री नांदेड़ साहिब के लिए जाएगी। स्पेशल ट्रेन श्री हजूर साहिब के लिए 15 मई को श्रद्धालुओं को लेकर सिरसा से रवाना होगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी 15 मई को सिरसा से ट्रेन को झंडी दिखाकर नांदेड़ के लिए रवाना करेंगे। यात्रा के लिए इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 10 मई तक पंजीकरण कर सकते हैं।

डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। उन्होंने इच्छुक नागरिकों से समय रहते सरल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर इस धार्मिक यात्रा का लाभ उठाए जाने की अपील की है। यात्रा का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान पूर्वक धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाना और उनकी आस्था को सशक्त बनाना है। इस योजना का लाभ पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ की निःशुल्क यात्रा के लिए 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जिनकी पारिवारिक आय 1.80 रुपए लाख से कम है, वे 10 मई तक सरल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं।

### लुदास में महिला ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**हिसार।** नजदीकी गांव लुदास में विवाहिता ने चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका लगभग 21 वर्षीय मीना के शव का गुरुवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया। जांच अधिकारी पूजा ने बताया कि लुदास गांव निवासी जयसिंह की पत्नी मीना गृहणी थी। मीना के दो बेटियां है। परिजनों के अनुसार वह काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी और इसी के चलते उसने बुधवार दोपहर बाद घर पर चुन्नी के जरिए फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## मिल में करंट से इलेक्ट्रीशियन की मौत

**हिसार।** दिल्ली रोड स्थित जिंदल रोलिंग मिल में करंट लगने से इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई। मृतक लगभग 48 वर्षीय अशोक चौधरीवास गांव रहने वाला था। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। कुछ दिन पहले भी इसी रोलिंग मिल में लोहा गर्म करने की भट्ठी में ब्लास्ट होने से हादसा हो गया था। हादसे का शिकार हुए तीन मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

चौधरीवास गांव निवासी सुरेंद्र ने बताया कि उसका चचेरा भाई अशोक पिछले चार साल से जिंदल रोलिंग मिल में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। गुरुवार सुबह वह घर से मिल में काम करने के लिए आया था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह मिल के अंदर बिजली मरम्मत का काम कर रहा था। अचानक उसे करंट लग गया और वह बुरी तरफ झुलस गया।

वहां पर काम करने वाले कर्मचारी उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कर्मचारियों ने हादसे के बारे में सूचना दी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि मिल में काम करने वाले कर्मचारियों को काम करते समय कोई सुविधा जनक उपकरण नहीं दिए जाते, जिस कारण आए दिन वहां पर हादसे हो रहे हैं। सदर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बरवाला में ट्रेन की चपेट में आने से गई जान

**बरवाला।** शहर के रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक 39 वर्षीय राममेहर खेदड़ गांव का रहने वाला था। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिले के नागरिक अस्पताल भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार खेदड़ गांव निवासी राममेहर खेतीबाड़ी करता था। बुधवार रात करीब दस बजे वह बरवाला रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन को पार कर रहा था कि अचानक वह रेलगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

## साइबर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर साइबर ठगी करने वाले एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 25 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी मल्कियत सिंह के रूप में हुई है।

एएसआई रविन्द्र कुमार ने बताया कि गांव मदनहेड़ी निवासी शिकायतकर्ता ने साइबर थाना में शिकायत दी थी कि उसके पास टेलीग्राम पर घर बैठे नौकरी करके पैसे कमाने संबंधी एक लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर विश्वास करके 8 फरवरी को बताए गए ऑनलाइन टास्क पूरे करने शुरू कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने झांसे में लेकर अलग-अलग ट्रांजेक्शन में उससे 90 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए, लेकिन उसे किसी प्रकार का लाभ नहीं हुआ। बाद में आरोपियों ने शिकायतकर्ता को बताया कि उसका अकाउंट फ्रीज हो गया है तथा प्रोफिट प्राप्त करने के लिए उसे 50 हजार रुपये और जमा करवाने होंगे। ऑनलाइन टास्क के नाम पर फ्रॉड होने का अहसास होने पर उसने साइबर थाना में शिकायत दी। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर थाना साइबर हांसी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज जांच करते हुए तकनीकी जांच एवं गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी का पता लगाकर उसे धर लिया।

## ऑनलाइन एडमिशन का शेड्यूल जारी कर डीएचई का खोला पोर्टल

# कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज की दाखिला प्रक्रिया शुरू, 31 मई तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

डीएचई हरियाणा ने सत्र 2026-27 के लिए कॉलेजों में दाखिले की ऑनलाइन प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर पोर्टल ओपन कर दिया है। कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में दाखिला प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। विद्यार्थी 31 मई तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

दाखिला फार्म में एडिटिंग का विकल्प भी रहेगा, यदि विद्यार्थी कोई गलत जानकारी सबमिट कर देता है तो 1 जून तक इसे एडिट किया जा सकेगा। 2 जून को सभी आवेदकों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। 9 मई से 6 जून तक कॉलेजों की ओर से दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। पहले चरण की काउंसलिंग के तहत 10 जून को पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट और 11 जून को पहली फाइनल मेरिट लिस्ट प्रदर्शित की जाएगी। खाली सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग 24 जून को होगी। फिर भी सीट खाली रहेती हैं तो दोबारा आवेदन के लिए 25 जून को पोर्टल फिर से खोला जाएगा। प्राचार्या प्रोफेसर अंजू चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। मंगाली कॉलेज में डेडीकेटेड कंप्यूटर सेल का गठन किया गया है, जो विद्यार्थियों को निशुल्क आवेदन करने की सुविधा प्रदान करता है। ऐसे में आवेदन करने के लिए सीएससी सेंटर में जाने की आवश्यकता नहीं है।

### जानें... किस कॉलेज के किस संकाय में कितनी सीटें

**रा. कॉलेज मंगाली**

| | |
|---|---|
| बीए | 160 |
| बीकॉम | 80 |
| बीएससी मेडिकल | 40 |
| बीएससी नॉन मेडिकल | 40 |

**दयानंद महाविद्यालय**

| | |
|---|---|
| बीए | 800 |
| बीए मेजर इन अंग्रेजी | 30 |
| बीबीए एसएफएस | 120 |
| बीकॉम एडिड | 100 |
| बीकॉम एसएफएस | 240 |
| बीए मॉस कम्यूनिकेशन | 60 |
| बीएससी लाइफ साइंस एडिड | 160 |
| बीएससी लाइफ साइंस **SFS** | 60 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 340 |
| बीएससी फिजिकल साइंस **SFS** | 60 |

**जाट कॉलेज**

| | |
|---|---|
| बीए | 960 |
| बीकॉम एडिड | 180 |
| बीकॉम एसएफएस | 160 |
| बीएससी फिजिकल साइंस एडिड | 350 |
| बीएससी फिजिकल साइंस **SFS** | 40 |
| बीएससी लाइन साइंस **SFS** | 80 |
| बीसीए | 100 |
| बीएससी स्पोर्ट्स साइंस | 40 |

**एफसी वुमन कॉलेज**

| | |
|---|---|
| बीए एडिड | 600 |
| बीए सेल्फ फाइनेंस | 60 |
| बीकॉम एसएफएस | 300 |
| बीएससी लाइफ साइंस एडिड | 70 |
| बीएससी लाइफ साइंस **SFS** | 40 |
| बीएससी फिजिकल साइंस एडिड | 130 |

**रा.कॉलेज, राजगढ़ रोड**

| | |
|---|---|
| बीए | 740 |
| बीएस मेजर एन इकोनोमिक्स | 55 |
| बीए मेजर इन इंग्लिश | 55 |
| बीए मेजर इन ज्योग्राफी | 40 |
| बीए मेजर इन मैथ | 40 |
| बीबीए | 40 |
| बीकॉम | 280 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 400 |
| बीएससी मेजर इन कैमिस्ट्री | 40 |
| बीएससी मेजर इन मैथ | 40 |

**रा. महिला कॉलेज**

| | |
|---|---|
| बीए | 400 |
| बीकॉम | 240 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 40 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 160 |
| बीए मेजर इन ज्योग्राफी | 40 |
| बीए मेजर इन इकोनोमिक्स | 60 |
| बीबीए | 40 |

### राष्ट्रीय लोक अदालत कल बेंचों की जिम्मेदारी निर्धारित

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 मई को न्यायिक परिसर हिसार, बरवाला, हांसी व नारनौंद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में लंबित मामलों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निपटारे के लिए विभिन्न बेंचों का गठन कर उनकी जिम्मेदारियां निर्धारित कर दी गई हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हिसार के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि हिसार, बरवाला, हांसी व नारनौंद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत कुल 9 बैंच विभिन्न प्रकार के सिविल एवं आपराधिक मामलों की सुनवाई करेंगी। इन बेंचों द्वारा लंबित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थापित की जाने वाली बेंच संख्या एक पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खत्री सौरभ, बेंच संख्या दो पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे, बेंच संख्या तीन पर अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश (पारिवारिक न्यायालय) ईशा खत्री, बेंच संख्या चार पर जेएमआईसी जसप्रीत कौर, बेंच संख्या पांच पर जेएमआईसी सचिन सिंघल, बेंच संख्या छः पर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रिया अग्रवाल हिसार में मामलों की सुनवाई करेंगे। इसी प्रकार बेंच संख्या सात पर जेएमआईसी तरुण चौधरी हांसी में, बेंच संख्या आठ पर जेएमआईसी अभिषेक वर्मा नारनौंद में तथा बेंच संख्या नौ पर एसीजे राकेश बरवाला में सिविल एवं आपराधिक मामलों का निपटारा करेंगे।



## सेक्टर-13 में खुलेआम शराब पीने के विरोध में किया प्रदर्शन

**हिसार।** सेक्टर-13 क्षेत्र में खुलेआम शराब पीने और असामाजिक गतिविधियों के बढ़ते मामलों को लेकर सेक्टर-13 मार्केट एसोसिएशन, विभिन्न इंस्टीट्यूट संचालकों एवं स्टाफ ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इस समस्या पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जाए।

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-13 में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कोचिंग और अन्य शिक्षण संस्थानों में पढ़ने आते हैं। क्षेत्र में कुछ लोग खुले में शराब पीते हैं, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, खुले में शराब पीने वालों पर सख्त कार्रवाई हो तथा शिक्षण संस्थानों के आसपास सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

हरिभूमि बालभूमि
haribhoomi.com
मदर्स-डे, 10 मई स्पेशल
रोहतक, शुक्रवार, 8 मई 2026
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित



फीलिंग्स

# माय मम्मी इज द बेस्ट

हर मां अपने बच्चों से बेइंतहा प्यार करती है। बच्चों की केयर में कोई कसर नहीं छोड़ती। बच्चे भी अपनी मां से बहुत प्यार करते हैं, उनकी दुनिया मां के इर्द-गिर्द रहती है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** से शेयर कर रहे हैं, मां से जुड़ी अपनी फीलिंग्स, उनसे जुड़ी खास मेमोरी। ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस मदर्स-डे पर इनकी क्या प्लानिंग्स हैं, इनका अपनी मां के लिए क्या मैसेज है?

## हमेशा मिलता है मम्मी का प्यार-सपोर्टः हरिति जोशी



**इन दिनों** सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार हरिति जोशी निभा रही है। अपने अभिनय से उसने दर्शकों का मन मोह रखा है। हरिति अपनी मम्मी को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करती है। वह बताती है, 'मेरी मम्मी की सबसे अच्छी क्वालिटी है, उनका प्यार और हर वक्त सपोर्ट में खड़े रहना। वो मेरे लिए दुनिया की बेस्ट मम्मी हैं।' हरिति अपनी मम्मी से रिलेटेड एक मेमोरी शेयर करती है, 'जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक बार मुझे बहुत तेज बुखार हो गया था। मैं बस चुपचाप लेटी थी। मम्मी मेरे पास ही बैठी थीं। वो बार-बार मेरे माथे पर ठंडी पट्टी रखतीं। मुझे अपनी गोद में सुला लेतीं। रात को जब सब सो गए, तब भी मम्मी नहीं सोईं। मैं आधी रात को जब उठी तो देखा कि वो मेरे बाल सहला रही हैं। उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मम्मी मुझसे कितना प्यार करती हैं।' इस बार मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को कैसे स्पेशल फील कराएगी, पूछने पर वह बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए अपने हाथ से एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, जिसमें अपनी और उनकी पिक्चर लगाऊंगी। मैं उनकी कोई फेवरेट डिश बनाऊंगी। घर के कामों में भी उनका हाथ बंटाऊंगी ताकि मम्मी को आराम मिले।'

मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर वह बताती है, 'मैं मम्मी से कहूंगी कि मम्मी, आप दुनिया की सबसे अच्छी मम्मी हैं। आप मेरे लिए इतना कुछ करती हैं, उसके लिए थैंक यू! मैं आपसे बहुत-बहुत प्यार करती हूं।' *



## मम्मी से मिलती है इंस्पिरेशनः आयशा विंधारा



**सोनी सब** के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया की भूमिका निभा रही आयशा विंधारा को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। आयशा अपनी मम्मी की बेस्ट क्वालिटीज के बारे में बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर बात बहुत ध्यान से सुनती हैं। मुझे वे यह भी बताती हैं कि मैं कोई काम सही कर रही हूं या गलत। वे मुझे हमेशा गाइड करती हैं। अपनी मम्मी के प्यार और सपोर्ट की वजह से ही मैं हमेशा सिक्योर और कॉन्फिडेंट फील करती हूं।'

इस मदर्स-डे पर मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए आयशा क्या कुछ खास करने वाली है, पूछने पर वह एक्साइटेड होते हुए बताती है, 'मैं इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने जाऊंगी। उस दिन घर में उनके लिए अपने हाथों से ब्रेकफास्ट तैयार करूंगी। मैं अपनी मम्मी को अपने हाथों से बनाया हुआ एक बहुत सुंदर-सा ग्रीटिंग कार्ड दूंगी। साथ ही, मैं उन्हें एक परफ्यूम या उनकी पसंद की शेड वाला लिपस्टिक गिफ्ट करूंगी। मैं अपनी मम्मी और अपनी बहन के साथ इस बार जोरदार तरीके से मदर्स-डे सेलिब्रेट करूंगी।'



इस मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के लिए आयशा क्या मैसेज देना चाहेगी? पूछने पर वह बताती है, 'मम्मी, आप हमेशा मुझे सही राह दिखाती हैं, सही सलाह देती हैं। आप हमेशा खुद को मोटिवेट करती हैं, दूसरों की हेल्प करती हैं। आपकी इन बातों से मुझे इंस्पिरेशन मिलता है। आप हमेशा वैसी ही बनी रहें जैसी आप हैं।' *

## मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता हैः संवेग कौदान

**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में संवेग कौदान, अंश पटेल की भूमिका निभा रहा है।



अपनी मम्मी के बारे में संवेग बताता है, 'मेरी मम्मा इस दुनिया में सबसे अच्छी मम्मा हैं। वो मेरी हर बात मानती हैं। जो बात नहीं मानने वाली होती है, वह मुझे समझाती हैं कि यह बात क्यों नहीं मान रही हैं? मेरी मम्मा मुझ पर बहुत ट्रस्ट करती हैं। जब कोई मेरे बारे में यह बोलता है कि इससे यह काम नहीं होगा, तब मम्मा कहती हैं, मेरा बेटा सब काम कर सकता है। माय मम्मा इज हेल्पिंग, केयरिंग एंड सपोर्टिव।' मम्मा के साथ कोई मेमोरेबल इंसिडेंट के बारे में पूछने पर संवेग एक मजेदार इंसिडेंट के बारे में बताता है, 'एक बार दिल्ली मेट्रो से सफर करने के लिए मैं अपनी मम्मा के साथ स्टेशन पर पहुंचा। कुछ क्रैकर्स मेरे बैग में रखे हुए थे। जब मैंने वहां चेकिंग कर रहे सीआईएसएफ जवान को देखा तो डर गया, मैं रोने लगा। मम्मा ने मुझे बहुत चुप कराया लेकिन मैं चुप ही नहीं हो रहा था। तो फिर मम्मा ने सीआईएसएफ जवान को कंविंस किया। उसके बाद वह जवान मुस्कुराते हुए मेरे पास आए और प्यार से बोले- इस बार तुम्हारी गलती माफ। आगे से फायर क्रैकर्स लेकर मेट्रो या किसी पब्लिक प्लेस पर मत जाना। मैंने उनसे प्रॉमिस किया। इसके बाद मैं रिलैक्स हो गया। मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है।'



इस बार मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मी को एक स्पेशल सरप्राइज देने की प्लानिंग कर रहा है। वह बताता है, 'मम्मा मेरे लिए पापा और दीदी से दूर रहती हैं। इसलिए मम्मा को बिना बताए मैं पापा-दीदी को यहीं बुला लूंगा। इस सरप्राइज से वह बहुत खुश होंगी।' मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मा को यह मैसेज देना चाहता है, 'मुझे आपका हमेशा ख्याल रखना है, कभी आपका साथ नहीं छोड़ना है। आई लव यू मम्मा।' *

## मम्मी मुझे हमेशा मोटिवेट करती हैंः अकदास खान



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का किरदार निभाकर अकदास खान ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अकदास अपनी मम्मी के बारे में बताता है, 'मेरी मम्मी दुनिया की बेस्ट मॉम हैं। वो हमेशा मेरा ख्याल रखती हैं। मम्मी मुझे हर बात को बहुत अच्छे से समझाती हैं। वो हमेशा मुझे मोटिवेट करती हैं, कहती हैं- अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और मेहनत से हम लाइफ में कुछ भी अचीव कर सकते हैं।'

अकदास अपनी मम्मी से रिलेटेड एक प्यारी-सी मेमोरी शेयर करता है, 'एक बार मैं शूट के दौरान बहुत थक गया था। मेरा मन काम करने का नहीं था। तब मम्मी सेट पर आईं। उन्होंने मुझे हग किया और मुझे मेरी फेवरेट चॉकलेट दी। फिर हम दोनों ने साथ में थोड़ा टाइम बिताया। मम्मी ने मुझे स्पेशल फील कराया। मैं फिर से खुश हो गया।'



इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए अकदास अपनी प्लानिंग बताता है, 'मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए एक हैंडमेड कार्ड बनाऊंगा। उन्हें एक छोटा-सा गिफ्ट भी दूंगा। अगर उस रोज मेरी शूटिंग नहीं हुई, तो मैं उनके साथ पूरा दिन बिताऊंगा।'

मदर्स-डे पर अकदास अपनी मम्मी को क्या खास मैसेज देना चाहता है, पूछने पर बताता है, 'मैं मम्मी से कहूंगा कि मैं आपको बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे लिए सबसे स्ट्रॉन्ग और बेस्ट हो। आप हमेशा मेरे साथ रहिएगा। मैं बड़ा होकर आपको बहुत प्राउड फील कराऊंगा।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, हाल में ही प्रेरित करती बाल कथाओं की किताब 'बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब की लेखिका डॉ. करुणा पांडे हैं। ये सभी कहानियां जीवन से जुड़ी शिक्षाएं देती हैं। पहली कहानी 'आत्मनिर्भर बनो' में शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों को एक चिड़िया की कहानी सुनाकर आत्मनिर्भरता का महत्व बताते हैं। दूसरी कहानी 'मेहनत का खजाना' में तुम पढ़ोगे कि कैसे आलसी लड़के गोविंद को मेहनत का महत्व पता चलता है, जब उसके पिता का देहांत हो जाता है। एक और आलसी बच्चे तिम्मा की कहानी तुम 'गौरैया का उपाय' में पढ़ सकते हो कि कैसे उसे एहसास होता है कि बिना मेहनत किए कोई भी जीव अपना भोजन प्राप्त नहीं कर सकता है। 'दोस्ती की पहचान' एक किसान और उसके नासमझ बेटे गोपाल की कहानी है, जो अपने सच्चे दोस्तों की पहचान नहीं कर पाता है और उनके साथ अपना समय बरबाद करता रहता है। लेकिन जब वह उनसे मदद मांगने जाता है तो उसे सच्चाई का पता चलता है।





'अदभुत जीव' एक साहसी युवक की कहानी है, जो अपनी बुद्धिमानी और वीरता से खतरनाक जीव को मार देता है। 'अंतरात्मा की आवाज' एक ईमानदार बच्चे अतुल की कहानी है, जो अपनी मां की दी हुई शिक्षा को कभी नहीं भूलता है। यह कहानी बताती है कि लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए। इनके अलावा इस किताब में संकलित 'साहसी लड़की', 'स्वार्थी मित्र', 'मेहनत की कमाई' और 'उन्नति का रास्ता' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। ये कहानियां रोचक तरीके से तुम्हें स्वावलंबी और अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करती हैं। *

**किताबः** बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां (बाल कथा संग्रह), **लेखिकाः** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशकः** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी राजस्थान

## जीके क्विज-204



1. आईपीएल के इतिहास में 800 बाउंड्री शॉट से रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक कौन-सी धातु होता है?
4. बच्चों की पसंदीदा किताब 'द जंगल बुक' के लेखक कौन हैं?
5. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
6. किस भारतीय को 'साबरमती का संत' कहा जाता है?
7. अंकोरवाट मंदिर कहां स्थित है?
8. भारत का प्रथम और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल कौन था?
9. पश्चिम बंगाल की राजधानी कहां है?
10. कौन-सा पोषक तत्व हमारी हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है?

**बच्चो, जीके क्विज-204 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-203 का उत्तर :** 1 अरोण्यक घोष, 2. हरिवंश नारायण सिंह, 3. रवींद्रनाथ टैगोर, 4. यूनेस्को, 5. टेनिस, 6. रानी लक्ष्मीबाई, 7. लखनऊ, 8. 23.5 डिग्री, 9. उत्तर प्रदेश, 10. सागरमाथा

**जीके क्विज-203 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जियाना-रायगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, पूर्वी-रोहतक, संकेत-दिल्ली, कुसुम-महासमुंद, तेजस-बलौदा बाजार, किंशुक-दुर्ग


---

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

हर किसी को अपनी मां की कद्र करनी चाहिए, उसे प्यार-सम्मान देना चाहिए। नहीं तो मां के ना रहने पर उसी तरह पछतावा, दुख होगा, जैसे चंदन को होता है। उसने एक दिन नोटबुक में वह सब लिख डाला, जो उसने मां के ना रहने पर महसूस किया। मां हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं, बता रही है यह कहानी।

## मां, आपको पता है न?



एआई इमेज

पापा घर में घुसे तो सन्नाटा पसरा था। रीतू तो बैठक में फर्श पर ही सो गई थी। चंदन सोफे पर सोया हुआ था। उलटे, औंधे मुंह। नोटबुक उसका तकिया बनी हुई थी। पापा मन ही मन बोले, 'अच्छा! तो बच्चू पढ़ते-पढ़ते सो गए हैं।' पापा ने बड़े प्यार से उसकी पीठ को सहलाया फिर आहिस्ते से उस नोटबुक को खींचा। चंदन पर कोई असर न पड़ा। वह बेसुध सोया हुआ था।

पापा मुस्कुराए। उसके गालों का पसीना पोछा। नोटबुक का पन्ना भी तो भीगा हुआ था। पापा ने एक बार फर्श पर सोई हुई रीतू के माथे को भी प्यार से सहलाया। रीतू की नींद खुल गई, 'अरे! पापा, आप आ गए। मैं पानी लाती हूं।'

रीतू आंखें मलती हुई किचेन में चली गई। पापा के हाथ में चंदन की नोटबुक थी। वह उसे मेज पर रखने ही जा रहे थे कि उस पर बड़ी ही खूबसूरत लिखावट में लिखे पांच शब्दों पर दृष्टि रुक गई। लिखा थाः मां, आपको पता है न?

इसके बाद तो कितना कुछ लिखा हुआ था। पापा की आंखों की कोरें गीली हो गईं। उन्होंने बैठक में ठीक सामने लगी चंदन की मां की फोटो को निहारा। चंदन की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्हें गए एक साल से ऊपर हो गया। पापा ने तो पूरी कोशिश की कि दोनों बच्चों को उनकी कमी महसूस न हो। दोनों को खूब प्यार देते हैं। समय भी खूब देते हैं !

पापा ने नोट बुक को पढ़ना शुरू किया।

मां, आपको पता है न? मैं इस बार कक्षा पांच में आ गया। मुझे कक्षा में सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। मैं आपकी सारी बातें याद रखता हूं। समय से उठता हूं। खूब मन से पढ़ता हूं। आप थीं तो मैं कितना जिद्दी था। उफ! आपको कितना परेशान किया मैंने। कितनी मिस्टेक कीं। कभी सॉरी भी नहीं कहा, लेकिन आपने हमेशा मुझे माफ किया। मेरा हमेशा ही कितना ख्याल रखा। अब आप नहीं हैं तो समझ में आता है कि आप मेरे लिए कितनी जरूरी थीं। कितना कुछ करती थीं। कभी आराम नहीं। कभी मैंने भी तो आपको आराम नहीं दिया। कभी आप थकी-हारी मुझसे कुछ मांगती भी थीं तो कैसे बहाने से मना कर देता था। और आप हंसकर सब कुछ भूल जाती थीं। आप बीमार थीं, तब भी तो कितना काम करती थीं। अब आप नहीं हैं तो आपकी कीमत समझ आती है। अब लगता है, मुझे आपकी हेल्प करनी चाहिए थी। रीतू दीदी तो आपका कितना हाथ बंटाती थी। वह अब पापा का खूब ख्याल रखती है। मैं भी रखता हूं। आपको पता है न?

मां, स्कूल में मेरे दोस्त कहते थे कि तेरे पापा अब नई मां ले आएंगे। कुछ दोस्त कहते हैं कि नई मां बहुत गंदी होती है। बिल्कुल भी प्यार नहीं करती। कुछ कहते हैं, ऐसा नहीं है। उनकी नई मां तो उन्हें बहुत चाहती है, लेकिन एक साल से ऊपर तो हो गया। पापा नई मां नहीं लाए। वे कहते हैं, 'बेटे! अब मैं ही तेरी मां हूं।' सच, वे बिल्कुल आपकी ही तरह हमें बहुत प्यार करते हैं। मां, आपको पता है न? अभी एक दिन क्रिकेट खेलते हुए मुझे चोट लग गई थी। मैंने पापा को नहीं बताया। चुपचाप मेडिसिन वाली स्ट्रिप लगा ली। सोचा उन्हें बताऊंगा तो परेशान होंगे। लेकिन जब उन्हें पता चला तो ज्यादा परेशान हुए। बिल्कुल आपकी तरह बोले- परेशानियों को शेयर जरूर करना चाहिए। दुःख आपस में बांट लो तो कम हो जाता है। मां, आपको पता है न, अब मुझे लगता है कि मैं बड़ा हो गया हूं। छोटे-छोटे कामों के लिए आपको परेशान करने वाला ये चंदन अब सारे काम खुद कर लेता है। काश! ये सब मैं पहले करता, जब आप थीं तो कितना खुश होतीं। दादी, पापा से कितना खुश होती हैं। पापा उनके सामने बिल्कुल बच्चा बन जाते हैं। सही कहते हैं कि जिनके पास बड़े हैं, वे हमेशा बच्चे हैं।

'पापा! पापा! पापा...!' हाथ में गिलास लिए रीतू खड़ी थी। बोली, 'पापा क्या पढ़ रहे हैं? कब से आपको पुकार रही हूं, आप सुनते ही नहीं।'

पापा को जैसे झटका-सा लगा, 'अरे!'

चंदन भी जाग गया था, 'पापा! आप कब आए?' और फिर उसने आंखें मलते-मलते ही जब अपनी नोट बुक पापा के हाथ में देखी तो तेजी से उनसे ले लिया। धीरे से पूछा, 'पापा। क्या आपने पढ़ा इसे?'

पापा ने चंदन की आंखों को देखा। बोले, 'तुम रोए थे चंदन? ये नोट बुक आंसुओं से भीगी है न?'

चंदन पापा से लिपट गया, 'अब नहीं। अब नहीं रोऊंगा पापा। क्या करूं, मां की याद आती है तो खुद को रोक नहीं पाता।'

पापा देर तक चुप बैठे रहे। फिर रीतू के हाथ से गिलास लिया। पानी पिया। बोले, 'तुम दोनों के लिए एक सरप्राइज है। अभी तक इस घर में दो बच्चे थे। अब तीन हो जाएंगे।' 'तीन! वह कैसे?' रीतू और चंदन ने एक साथ पूछा। पापा ने चंदन के गालों को सहलाते हुए बताया, 'क्योंकि अब आपकी बड़ी मां आ रही हैं। अब वे यहीं रहेंगी। हम तीनों बच्चे उनके साथ खूब मजे करेंगे।'

'वाह! दादी आ रही हैं। वेरी गुड।'


दोनों पापा से लिपट गए।

सामने मां का मुस्कुराता हुआ फोटो और ज्यादा सुंदर लग रहा था। *

---

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन



एआई इमेज

## मीठी-मीठी लोरी मां

काली हो या गोरी मां।
बहुत तेज या भोरी मां।
तन की चाहे जैसी भी हो
होती मन की कोरी मां।
रसगुल्ले-सी मीठी-मीठी
या कि शहद की बोरी मां।
अपने बच्चों की खातिर है
माखन भरी कटोरी मां।
परी देश की कथा-कहानी
किस्से चांद-चकोरी मां।
झूठी डांट, डपट और झिड़की
मीठी-मीठी लोरी मां।
अगर जरा भी ठेस लगे तो
मुंह से निकले- मोरी मां।
आती रहती है सपनों में
चुपके, चोरी-चोरी मां।

---

## रंग भरो-201

**रंग भरो-201** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



अद्विक, रायपुर



इरा, कोरबा



आयांश, दुर्ग



प्रगति, बिलासपुर



साक्षी, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, हर्ष-जगदलपुर, काशवी-रायपुर, काव्या-रायपुर, माही-महासमुंद, विशेष-रायपुर, प्रिया-रायगढ़, संचिता-दुर्ग, जतिन-भोपाल, हर्ष-बलौदा बाजार, याशिका-रायपुर, कुसुम-कोरबा, प्रियांशु-रोहतक, अंकित-बालोद, मनीष-महेंद्रगढ़

## रंग भरो 202



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपनी मम्मी से गले मिलकर उन्हें मदर्स-डे विश कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सरेआम सट्टा खाईवाली करते एक काबू

**हांसी।** सीआईए-1 पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से सट्टे के नाम पर लिए गए 12700 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान जगन्नाथ मंडी टिंकू के रूप में हुई है। एएसआई प्रवीन कुमार ने बताया कि गश्त व अपराध जांच के दौरान सूचना मिली थी कि जगन्नाथ मंडी निवासी टिंकु ऑटो मार्केट हांसी में झुग्गियों के पास सरेआम सट्टा खाईवाली का अवैध धंधा कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दे कर आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से एक कागज पर लिखी सट्टा पर्ची तथा 12,700 रुपये नकद बरामद हुए।

### जिंदल ने की सोनिया के परिजनों से मुलाकात

**हिसार।** सेक्टर 13 में शिक्षिका सोनिया की हत्या मामले में शहर की विधायक सावित्री जिंदल गुरुवार को सोनिया के परिवार से मिलने संत नगर पहुंची। सावित्री जिंदल ने परिवार से मिलकर दुख जताया और कहा कि उन्होंने एसपी से मुलाकात की है और उनको जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करने को कहा है। विधायक ने कहा कि सोनिया के परिवार को न्याय जल्द मिलेगा और परिवार आरोपी पति के पीछे लगी हुई है। उन्होंने परिजों को ढांढस बंधाया और कहा कि वे लगातार पुलिस अधिकारियों के संपर्क हैं ताकि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो सके।

## एचपीईए के 25 दिनों के संघर्ष के बाद बदला फैसला

# पॉवर इंजीनियरों की मांग पर एसडीओ का तबादला हुआ रद्द

**शेष मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो एचपीईए करेगा पूर्ण कार्य बहिष्कार**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन (एचपीईए) के 25 दिनों से जारी आंदोलन और इंजीनियरों की एकजुटता के बाद उचाना के एसडीओ जोजो तनेजा का तबादला आदेश आखिरकार रद कर दिया गया। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम प्रबंधन ने झोझू कलां के लिए किया गया अस्थायी तबादला तत्काल प्रभाव से वापस लेने के आदेश जारी किए हैं। इंजीनियरों ने चेतावनी दी कि यदि शेष मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो एसोसिएशन पूर्ण कार्य बहिष्कार जैसे कड़े कदम उठाने को मजबूर होगी। इस फैसले के बाद डीएचबीवीएन मुख्यालय में गेट मीटिंग में इंजीनियर एकत्रित हुए और इसे सत्य एवं एकजुटता की जीत बताया। बैठक की अध्यक्षता एक्सईएन सतीश कुमार ने की। एसोसिएशन ने निगम प्रबंधन के समक्ष कई मांगें रखीं, जिनमें एचवीपीएन और डिस्कॉमस में तकनीकी निदेशकों, सीई, एसई और एक्सईएन के खाली पदों को नियमित आधार पर भरना, लंबित प्रमोशन जारी करना, 2009 से लंबित रिस्ट्रक्चरिंग प्रक्रिया पूरी करना, इंजीनियरों को बेवजह दी गई चार्जशीट रद करना तथा एसडीओ सीनियरिटी लिस्ट जारी करना शामिल है। हांसी, दादरी और नूंह में एसई की पोस्टिंग की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शन में इंजीनियर सलाउद्दीन, सुदीप, बलजीत बेनीवाल, आशीष मोदी, होशियार सिंह, नगेंद्र सिंह, विनोद कुमार, राम कटारा, हितेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, संजीव कुमार, मुकेश रोहिल्ला, अमित कुमार, साहिल कुमार, वीरेंद्र सिंह, संदीप, अमनदीप सिंह, सुदीप फोगाट, सुरेश कुमार, पवन कुमार, आशुतोष गुप्ता, सुमित, राजेंद्र धनखड़, संजय श्योराण सहित बड़ी संख्या में इंजीनियर मौजूद रहे।


**हिसार।** बिजली निगम मुख्यालय पर नारेबाजी करते पॉवर इंजीनियर्स।

### आंदोलन अभी समाप्त नहीं हुआ

एसोसिएशन के महासचिव रविंदर घनघस ने कहा कि यह जीत हर सदस्य की सामूहिक ताकत और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आंदोलन अभी समाप्त नहीं हुआ है और शेष मांगों पर भी जल्द कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि अधिकारी निर्भय होकर निगम हित में कार्य कर सकें।

# हाईकोर्ट के आदेश माने सरकार

- कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं करने से रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की पशुपालन विभाग शाखा की गेट मीटिंग विभाग के सेक्टर 3 में हुई। गेट मीटिंग की अध्यक्षता मनीराम ने की जबकि जिला सचिव दीपक खत्री ने संचालन किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य उपप्रधान एवं पूर्व जिला प्रधान रामफल शिकारपुर व जिला प्रधान छबीलदास मोलिया ने बताया प्रदेश भर में विभिन्न विभागों में लाखों कर्मचारी डेली वेज, पार्ट टाइम, आउटसोर्स में 15-20 वर्षों से कार्यरत हैं। जो आज भी नाममात्र वेतन पर कार्य कर रहे हैं। यूनियन लगातार इनको पक्का करने की मांग को लेकर संघर्षरत है, परंतु प्रदेश सरकार की नियमित करने की कोई मंशा नहीं है।


**हिसार।** पशुपालन विभाग शाखा की गेट मीटिंग को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।

### सरकार नहीं दे रही मांगों पर ध्यान

उन्होंने बताया कि सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है जिसको लेकर कच्चे कर्मचारियों में काफी रोष है। इसको लेकर 17 मई को कर्मचारी भवन, रोहतक में कच्चे कर्मचारियों की कन्वेंशन की जाएगी, जिसमें सभी विभागों से बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल होंगे। कन्वेंशन में आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। गेट मीटिंग को रमेश देग, सतबीर, रमेश, सुनीता व वीना आदि ने भी संबोधित किया।

# डीईईओ से मिले प्राइवेट स्कूल संघ पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

प्राइवेट स्कूल संघ हांसी द्वारा गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी हांसी-। सुनील शर्मा की अध्यक्षता में नव नियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी हांसी विनोद श्योराण का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन सतीश वर्मा ने किया। संघ प्रधान रविन्द्र अत्री ने बताया कि डीईईओ पूर्व में हांसी में बतौर खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है। संघ मुख्य संरक्षक अनिल घरसा ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि डीईईओ के आगमन से भविष्य में शिक्षा के स्तर ओर अनेक व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिलेगा। इस अवसर पर सुभाष, गौरव खट्टर, अमित शर्मा, दलजीत पूनिया, अंकुश, भारत बत्रा, ज्योति, पूनम घनघस, प्राचार्या गीता दूबे, प्राचार्या पूजा मुंजाल, निदेशक सुनीता श्योकन्द, मुख्य संरक्षक अनिल कुमार, संरक्षक सतीश वर्मा, प्रधान रविन्द्र अत्री, पूर्व अध्यक्ष संदीप सांपला, दिनेश कौशिक मेहन्दा, मुख्याध्यापक रामअवतार सिंह, तिलकराज मेहन्दीरत्ता, प्रेम खुराना, जितेन्द्र मान, संदीप दूहन, प्रदीप मलिक, राजबीर वर्मा, रामअवतार सैनी, नीरज भानखड़, मनोज आहूजा, शमशेर, नरेश ढींगड़ा, विजेन्द्र मलिक, देवेन्द्र रावल, सरदार हरिन्द्र पाल सिंह, उमेश तनेजा सहित स्कूल संचालक उपस्थित थे।


**हांसी।** डीईईओ का स्वागत करते हांसी प्राइवेट स्कूल संघ के पदाधिकारी।



**हिसार।** मोर्निंग वाक कमेटी के सदस्य भाग्यश्री महिला आश्रम 'अपना घर' में वैन भेंट करते हुए।

### भाग्यश्री महिला आश्रम 'अपना घर' में वैन भेंट की

**हिसार।** मॉर्निंग वॉक कमेटी टाउन पार्क के सदस्यों ने निकटवर्ती आजाद नगर में स्थित भाग्यश्री महिला आश्रम 'अपना घर' में मंदबुद्धि/लाचारों को लाने के लिए वैन भेंट की। इस अवसर पर मोर्निंग वाक कमेटी के प्रधान अश्विनी सच्चर व समाजसेवी प्रवीण असीजा ने भाग्यश्री महिला आश्रम 'अपना घर' द्वारा मन्दबुद्धि लाचारों की देखरेख व उनके लिए तीनों समय भोजन की व्यवस्था करने व उनकी सेवा करने के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वहां पर उपस्थित स्टाफ जो कार्य कर रहा है वह उत्तम कार्य है। कमेटी के प्रवक्ता श्रवण पाहवा ने बताया कि गत दिनों कमेटी सदस्य आश्रम में लंगर सेवा के लिए आए थे, तो आश्रम की देखरेख करने वाली बाला वर्मा ने बताया कि मंदबुद्धि महिला बच्चों को आश्रम लाने के लिए बहुत कठनाई होती है। अगर इसके लिए वैन की व्यवस्था हो जाए तो बहुत अच्छा कार्य हो जाएगा। उनकी मांग को देखते हुए कमेटी सदस्य व समाजसेवी सुरेंद्र अनेजा व सुभाष सरदाना के विशेष सहयोग से कमेटी सदस्यों ने आपस मे राशि एकत्रित कर के वैन तैयार करवा कर आश्रम को भेंट की। इस अवसर पर लंदन से आए हुए जिओरिज रोज, प्रवीण असीजा, डॉ. दीपक नागपाल, नरेंद्र अनेजा, नरेंद्र शर्मा, मोहित गांधी, सुभाष सरदाना, एडी महता, सरेन्द्र अनेजा, जगदीश माटा, सुरेंद्र कक्कड़, सुभाष कथूरिया, उमेश मक्कड़, इंद्रजीत मनोचा व सुशील महता के अलावा सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# विशेष चेकिंग अभियान : 1220 वाहनों की जांच, 457 के चालान


सिद्धांत जैन, एसपी, हिसार।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा दिन-रात्रि के समय विशेष गश्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पैदल गश्त के साथ-साथ पीसीआर, राइडर एवं ईआरवी टीमों द्वारा शहर तथा आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। इसी क्रम में पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 1220 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 457 वाहन चालकों के चालान किए गए, जिनमें पांच ड्रिंकिंग के चालान, 8 चालान बिना नंबर प्लेट, 6 ट्रिपल राइडिंग व 56 लाइन चेंज के चालान शामिल है। पुलिस की विभिन्न टीमें आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। पीसीआर, राइडर व ईआरवी टीमें निरंतर गतिशील रहकर शहर के प्रमुख स्थानों, बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बनाए हुए हैं। इससे आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो रही है।

### अपराध नियंत्रण पर विशेष फोकस

इस विशेष गश्त एवं चेकिंग अभियान के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस का उद्देश्य है कि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखा जाए। दिन रात्रि के समय गश्त बढ़ाए जाने से चोरी, लूट व अन्य अपराधों की संभावनाओं में कमी लाने में मदद मिल रही है।

## सोशल मीडिया पर 'ओवर-शेयरिंग' डेटा चोरी व साइबर अपराध को सीधा निमंत्रण : एसपी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा है कि आज के डिजिटल युग में, अनजाने में साझा की गई आपकी छोटी सी जानकारी बड़े साइबर अपराध का कारण बन सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय अत्यधिक सावधानी बरतें। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन का कहना है कि ओवर-शेयरिंग के खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। फोटो मॉर्फिंग, आपकी निजी तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर उन्हें अश्लील या आपत्तिजनक बनाया जा सकता है, जो आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है। जानकारी और फोटो चुराकर आपके नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाई जा सकती है, जिसका उपयोग आपके दोस्तों या रिश्तेदारों को ठगने के लिए किया जा सकता है। आपकी निजी चैट, फोटो या वीडियो का उपयोग करके अपराधी आपको डरा-धमका सकते हैं और पैसों की मांग कर सकते हैं। आपके जन्म विवरण, स्थान या अन्य जानकारी का उपयोग करके अपराधी बैंक फ्रॉड, ओटीपी फ्रॉड और लोन फ्रॉड जैसी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

### क्या करें और क्या न करें

हर गतिविधि को ऑनलाइन साझा करना जरूरी नहीं है। अपनी लोकेशन और भविष्य के प्लान सार्वजनिक न करें, अपना घर का पता, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण, दैनिक दिनचर्या और परिवार की निजी जानकारी कभी भी सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर शेयर न करें, अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को 'प्राइवेट' रखें और केवल परिचितों को ही फ्रेंड लिस्ट में शामिल करें। सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से दोस्ती करने और अपनी फोटो साझा करने से बचें।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल



**बरवाला।** संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा बाडोपट्टी टोल कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल किसान नेता सत्यवान खेदड़ की अध्यक्षता में मार्केट कमेटी सचिव से मिला। प्रशासन और किसान प्रतिनिधियों के बीच सकारात्मक वार्ता हुई। किसान नेताओं ने मंडियों में गेहूं खरीद, उठान तथा किसानों के भुगतान संबंधी पूरा रिकॉर्ड लिखित रूप में प्राप्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों को आ रही समस्याओं और नए नियमों के कारण उत्पन्न परेशानियों को भी अधिकारियों के समक्ष रखा। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि मंडियों में फसल बिक्री के लिए जबरदस्ती लागू किए जा रहे नए नियम किसानों को परेशान करने वाले हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां मंडियों को बंद करने की दिशा में बढ़ रही हैं, जिसका संयुक्त किसान मोर्चा विरोध करेगा। बैठक में बिजली लाइनों के शॉर्ट सर्किट और अन्य कारणों से गेहूं में लगी आग का मुद्दा भी से उठा।

## अंडर-19 टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा में श्री गीता राम मेमोरियल स्कूल ने मारी बाजी



**हिसार।** विकास डिफेंस स्कूल एंड स्पोर्ट्स एकेडमी, धीरनवास में दो दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर अंडर-19 टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का गुरुवार को समापन हुआ। इसका आयोजन टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन हिसार द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। लड़कों के वर्ग में श्री गीता राम मेमोरियल स्कूल, मतलोडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, आर्यनगर दूसरे स्थान पर रहा। विकास डिफेंस स्कूल एंड स्पोर्ट्स एकेडमी, धीरनवास एवं आदर्श स्कूल, चौधरीवास की टीमों ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं लड़कियों के वर्ग में विकास डिफेंस स्कूल एंड स्पोर्ट्स एकेडमी, धीरनवास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री गीता राम मेमोरियल स्कूल, मतलोडा दूसरे स्थान पर रहा।

## एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक विद्यालय के 12वीं कक्षा के कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों ने बृहस्पतिवार को राइस मिल का शैक्षणिक भ्रमण किया। कार्यक्रम का संचालन पीजीटी कॉमर्स रेनू बजाज ने किया। मिल परिसर में विद्यार्थियों को आशिष जैन द्वारा राइस मिल में की जाने वाली सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इसके पश्चात उन्हें चावल उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया धान की सफाई, छिलाई, पॉलिशिंग, ग्रेडिंग तथा पैकेजिंग के विभिन्न चरणों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने मशीनों के संचालन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण तथा विपणन की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं, क्योंकि इससे उन्हें वास्तविक व्यावसायिक वातावरण को नजदीक से समझने का अवसर मिलता है।

## सरकार लगातार कच्चे कर्मचारियों का कर रही है शोषण : यादव



**बरवाला।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन मुख्यालय हिसार संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा थर्मल खेदड़ के प्रांगण में कर्मचारियों की मांगों को लेकर कन्वेंशन आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव देवेंद्र भारद्वाज ने की और संचालन यूनिट सचिव प्रमोद जांगड़ा ने किया। केंद्रीय परिषद के राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव, राज्य उपप्रधान संदीप सहारण, लोकेश कुमार, सूबे सिंह व कुलबीर सहारण राज्य कमेटी सदस्य ने कन्वेंशन को संबोधित किया। सुरेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार कच्चे कर्मचारियों का शोषण कर रही है। वह कच्चे कर्मचारियों को पक्का न करके उनके लिए एचकेआरएनएल जैसा विभाग बनाकर उसमें जबरदस्ती भेज रही है। प्रदेश सरकार 12 फरवरी 2026 को केंद्र व प्रदेश में हड़ताल करने के बावजूद कर्मचारियों की मांगों को सुनने को तैयार नहीं है। प्रदेश में कच्चे कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है और सरकार पहले की तरह कोई भी रेगुलाईजेशन की नीति नहीं बना रही है। अगर मांगों को लागू नहीं किया गया तो 20 मई को बिजली मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा।

# विद्यार्थियों का कौशल विकास जरूरी

- कुलपति ने किया कार्यशाला के ब्रोशर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) के सौजन्य से 18 से 22 मई तक 'डेटा एनालसिस युजिंग स्मार्टपीएलएस, स्टाटा, आर एंड ग्रेटल' का उपयोग करके डेटा विश्लेषण विषय पर पांच दिवसीय कौशल संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कार्यशाला के ब्रोशर का विमोचन किया। इस अवसर पर एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार, सीडीओई के निदेशक प्रो. खुजान सिंह, कार्यशाला समन्वयक प्रो. सुनीता रानी व कार्यशाला सह-समन्वयक डॉ. अभिषेक पूनिया उपस्थित रहे। कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि गुजविप्रौवि विद्यार्थियों में कौशल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को इस कार्यशाला में अधिक से अधिक भागीदारी करने का आह्वान किया। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. संजीव कुमार ने वर्तमान शैक्षणिक और पेशेवर माहौल में अनुसंधान-उन्मुख कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला समन्वयक प्रो. सुनीता रानी ने बताया कि ऑफलाइन माध्यम से होने वाली यह कार्यशाला शोधार्थियों, शिक्षाविदों और पेशेवरों के लिए डिजाइन की गई है।


**हिसार।** कार्यशाला के ब्रोशर का विमोचन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

**आयोजन** गुजवि में 'करियर काउंसिलिंग 2026' कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

# सही समय पर उचित मार्गदर्शन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला: प्रो. बिश्नोई

- क्षमता के अनुरूप करियर चयन से मिलती है सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के करियर काउंसिलिंग सेल की ओर से 'एक्सप्लोर यूअर फ्यूचर/गुजविप्रौविः करियर काउंसलिंग 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, डा. निधि तुरान, डा. मोनिका सैनी व डा. उस्मान अली सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने पोस्टर का विमोचन करने के उपरांत कहा कि सही समय पर सही मार्गदर्शन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होता है। इस प्रकार के करियर काउंसलिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप सही चयन करने में सहायता प्रदान करते हैं।


**हिसार।** 'करियर काउंसलिंग 2026' कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटोः हरिभूमि

### काउंसिलिंग 11 से 15 मई तक

करियर काउंसलिंग सेल की निदेशक डॉ. मोनिका सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 11 से 15 मई तक प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक सीआरएस ऑडिटोरियम, सेमिनार हॉल-1 में होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य 12वीं, डिप्लोमा एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों तथा भविष्य की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर अवसरों से अवगत कराएगा। उप निदेशक डा. उस्मान अली ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसीए, बीकॉम, एमकॉम, बीफार्मा, एमफार्मा, बीएससी, एमएससी, बीए, बीएड, बीए-एलएलबी एवं अन्य पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का पंजीकरण शुल्क नहीं रखा गया है तथा सभी 12वीं, डिप्लोमा एवं यूजी विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

खबर संक्षेप

## फ्री मेडिकल चेकअप कैंप आज नव दुर्गा मंदिर में

**हिसार।** जय श्याम विहार के नव दुर्गा मंदिर परिसर में 8 मई को फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। नव दुर्गा मंदिर सेवा समिति के सचिव विवेक मित्तल ने बताया कि इस शिविर में आंख, कान, स्किन, अस्थमा, बीपी व शुगर से संबंधित बीमारियों की अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच करके उचित परामर्श दिया जाएगा। डिस्ट्रिक लीगल सर्विस अथॉरिटी व नव दुर्गा मंदिर सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले इस शिविर में नागरिक अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। फ्री मेडिकल चेकअप कैंप के दौरान समिति के प्रधान जगदीश तायल, उप प्रधान होशियार सिंह व विश्वनाथ एवं गीता जांगड़ा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## महात्मा बुद्ध की देशना पर होगा 10 को मेडिटेशन कैंप

**हिसार।** महात्मा बुद्ध की देशनाओं पर आधारित एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप की तैयारियां ओशो ध्यान उपवन में जोर-शोर से चल रही हैं। 10 मई को होने वाले इस मेडिटेशन कैंप में विभिन्न सत्र रहेंगे। यह ध्यान शिविर प्रातः 8 बजे शुरू होगा और अंतिम सत्र के साथ सायं 5 बजे समापन होगा। इस दौरान प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चलने वाले सत्र में सतगुरु मां प्रिया का जन्म उत्सव केट काटते हुए धूमधाम से मनाया जाएगा। मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि महात्मा बुद्ध ने समस्त मानवता को होश व करुणा का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि 10 मई के मेडिटेशन कैंप में ओशो द्वारा बुद्ध पर दिए गए प्रवचनों पर मनन करते हुए उन्हें जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## गुरु दक्ष आईटीआई में रोजगार मेला आज

**हिसार।** आर्यनगर स्थित गुरु दक्ष आईटीआई के मुख्य सभागार में 8 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व बीईओ कृष्ण कुमार वर्मा बताया कि इसमें मोटरबाइक निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प, निमराणा, अलवर (राजस्थान) भाग ले रही है। इसमें आई टी आई संबंधित सभी तकनीकी ट्रेडों के पासआउट छात्र-छात्राओं को नौकरी / जॉब व अप्रैंटीशिप के अवसर मुहैया करवाए जा रहे हैं। संस्थान व नजदीकी क्षेत्र के आईटीआई व इंजीनियरिंग तकनीकी तौर कुशलता प्राप्त छात्रों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मुहैया करवाना हमारे संस्थान का प्रथम व अहम लक्ष्य है।

## टीटीसी के सरकारी स्कूल में वाटर कूलर लगवाया

**हिसार।** समाजसेवी डॉ. प्रदीप कोहली ने अपने पिताजी स्व. चौधरी पूरण पहलवान कुतुबपुर की याद में टीटीसी स्थित स्कूल में बच्चों के पानी पीने के लिए वाटर कूलर लगवाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रदीप कोहली के साथ उनके बच्चे विराज कोहली, काशी कोहली तथा मनोज सिंगला, महावीर मित्तल, टीटीसी अधिकारी संजय पंवार, बोनी संधू, मुकेश काका, महेंद्र गुर्जर, सुखबीर टीचर पूजा रानी, राजकुमार, गुरेंद्र सिंह, सुमन बाला, पिंकी रानी, इन्द्र पाल सिंह व बंसीलाल आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

# कुम्भा से जमावड़ी तक ड्रेन के किनारे मजबूत करें, बारिश में टूटने नहीं चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


हांसीः समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एडीसी लक्षित सरीन।

जिला सचिवालय परिसर में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में एडीसी लक्षित सरीन ने जन समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

शिविर में एडीसी ने जमावड़ी गांव की सरपंच सुदेश देवी द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह कुम्भा से जमावड़ी गांव तक ड्रेन के किनारों को मिट्टी इत्यादि से ऊंचा कर मजबूत करें और बिजली खंभों, ट्रांसफार्मरों तथा मोटर इत्यादि की व्यवस्था का निरीक्षण करें ताकि बरसाती सीजन में जल निकासी निर्बाध तरीके से हो सके। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था को लेकर जो टेंडर किया गया है उसके तहत होने वाले कार्यों को भी तेजी से पूरा करवाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बरसात के दौरान जिला में कोई भी ड्रेन कहीं से भी नहीं टूटनी चाहिए। सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूर्ण करें। जमावड़ी गांव के सरपंच की ओर से गांव में किसी भी बैंक की एक शाखा खोलने की भी मांग की गई। इस पर संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भिजवाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम राजेश खोथ ने प्रेम नगर गांव निवासी द्वारा प्रस्तुत एक शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह वन विभाग कार्यालय के सामने सड़क पर ब्रेकर बनवाना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी प्रकार की कोई वाहन दुर्घटना नहीं हो, क्योंकि रेलवे पुल के पास से मुख्य सड़क पर वहां अचानक वाहन प्रवेश कर जाते हैं। उन्होंने नगर परिषद तथा विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को प्रेम नगर गांव के निकट रेलवे पुल के आसपास लाइटों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि नगर परिषद तथा विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में लाइटों की व्यवस्था करें ताकि रहे नागरिकों को इसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। शहीद लाल हुकम चंद जैन पार्क के रखरखाव तथा कर्मचारियों सफाई इत्यादि को लेकर प्रस्तुत शिकायत पर एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को मौका मुआयना कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ, तहसीलदार डॉ अनिल कुमार बिढान, डीएसपी रविंद्र कुमार, बीडीपीओ अशोक कुमार, एसएमओ डॉ राहुल बुद्धिराजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## डीसी ने बरवाला और उकलाना में किया अनाज मंडियों का निरीक्षण

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने गुरुवार को बरवाला एवं उकलाना अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं खरीद, फसल उठान, भंडारण व्यवस्था तथा गेट पास प्रणाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहनी चाहिए।

उपायुक्त ने मंडियों में पहुंचकर गेहूं की ढेरियों का निरीक्षण किया तथा नमी मापक यंत्र से गेहूं में नमी की जांच करवाई। इसके साथ ही उन्होंने कांटे पर बैग का वजन भी चेक किया और अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही खरीद सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों के हित सुरक्षित रह सकें। उन्होंने मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनी। किसानों ने उठान और आउट गेट पास से संबंधित कुछ तकनीकी दिक्कतों की जानकारी दी, जिस पर उपायुक्त ने तुरंत अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने या भुगतान संबंधी प्रक्रिया में अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने फसल उठान कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि खरीदी गई गेहूं का निर्धारित समय सीमा में उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडियों में फसल का अतिरिक्त दबाव न बने। उन्होंने कहा कि यदि कोई उठान एजेंसी अपने कार्य में लापरवाही बरतती पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उच्च स्तर पर समन्वय स्थापित कर समस्याओं का जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए।

# यथासंभव कागज को दोनों ओर से प्रयोग करें: एसपी

- सरकारी स्टेशनरी के मितव्यय व पर्यावरण संरक्षण को लेकर हांसी पुलिस ने शुरू की अनूठी पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सरकारी संसाधनों के सदुपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा आधिकारिक पत्र जारी कर अपने अधीन सभी पुलिस इकाइयों, थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्जों एवं शाखा प्रभारियों को सरकारी स्टेशनरी के मितव्ययी उपयोग तथा ए-4 साइज कागजों का दोनों तरफ यथासंभव प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकारी कार्यालयों में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कागज का उपयोग किया जाता है। यदि कागजों का आवश्यकता अनुसार एवं सावधानीपूर्वक उपयोग किया जाए तो प्राकृतिक संसाधनों की काफी हद तक बचत संभव है।

उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालयों में केवल आवश्यक दस्तावेजों का ही प्रिंट लिया जाए तथा जहां तक संभव हो, ए-4 साइज कागजों का दोनों तरफ उपयोग किया जाए। इससे कागज की खपत कम होगी और अनावश्यक खर्चों पर भी नियंत्रण रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस पहल के सकारात्मक परिणाम स्वरूप कागज की मांग में कमी आएगी, जिससे पेड़ों की कटाई को कम करने में मदद मिलेगी । साथ ही, कम मात्रा में रद्दी कागज निकलने से शहर में गंदगी फैलने की समस्या पर भी नियंत्रण रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रयोग किए जा चुके अनुपयोगी कागजों को एकत्रित कर रिसाइकिल करवाया जाएगा, ताकि उन्हें दोबारा उपयोग में लाया जा सके। यह पहल ग्रीन ऑफिस की अवधारणा को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति पुलिस विभाग की सामाजिक जिम्मेदारी को भी दर्शाती है।

## धान की सीधी बिजाई पर मिलेगा प्रोत्साहन

**हांसी।** जिला क्षेत्र हांसी में धान की सीधी बिजाई को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं प्रोत्साहन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों को पारंपरिक विधि के स्थान पर सीधी बिजाई अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ उत्पादन लागत में भी कमी लाई जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि भूजल स्तर को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को डीएसआर तकनीक अपनाने हेतु मशीनें किराये पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। विभाग द्वारा 115 रुपये प्रति एकड़ की दर से "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर मशीनों की सुविधा दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक किसान इस तकनीक का लाभ उठा सकें। किसान अपने ट्रैक्टर के माध्यम से भी इस प्रक्रिया को अपनाकर प्रदर्शन कर सकते हैं।

# खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया

- मानसिक विकास, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत बनाते हैं खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** विश्व खेल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विश्व एथलेटिक्स दिवस उत्साह, उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने खेलों के महत्व, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा अनुशासित जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया। सभा के दौरान विद्यार्थियों ने खेलों से संबंधित अनेक प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के मध्य खेल संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के खेल ज्ञान, जागरूकता तथा आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों एवं दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने पूरी ऊर्जा और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अनुशासन, सहयोग एवं प्रतिस्पर्धा व खेल भावना मिसाल प्रस्तुत की।

विद्यालय प्राचार्या एकता सचदेवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय निदेशक डॉ संदीप देशवाल ने विद्यार्थियों को खेलों से संबंधित जानकारियां देते हुए नियमित व्यायाम और खेल गतिविधियों के माध्यम से स्वयं को स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रखने के लिए प्रेरित किया।

## नशे के खिलाफ चलाया जनजागरण अभियान

**हिसार।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शहर के सुंदर नगर एवं विकास नगर क्षेत्रों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने क्षेत्रवासियों से संपर्क कर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया तथा नशा पीड़ित व्यक्तियों को उपचार के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नशा तस्करों के संबंध में जानकारी भी एकत्रित की गई। टीम द्वारा लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सहयोग की अपील की गई।

इसी कड़ी में जिला में कुल दो नए नशा पीड़ितों की पहचान कर उनके डोजियर फॉर्म भरे गए तथा उन्हें जिले के नागरिक अस्पताल से होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक दवाइयां पहली बार उपलब्ध करवाई गईं। इसके अतिरिक्त चार नशा पीड़ितों को दूसरी बार दवाई दिलवाई गई तथा उनके टेस्ट एवं काउंसलिंग भी करवाई गई। अभियान के दौरान एक नशा पीड़ित को सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। ऐसे में कुल 6 नशा पीड़ितों को नागरिक अस्पताल से दवाई उपलब्ध करवाई गई।

## अवैध शराब की 432 बोतल के साथ दो गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए-1 हांसी की टीम ने 432 बोतल अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान भिवानी जिले के गांव ढाणी मिरान निवासी कश्मीर तथा डाडम निवासी सुरेन्द्र के रूप में हुई है। एएसआई शक्ति सिंह ने बताया कि गश्त व अपराध जांच के दौरान सूचना मिली थी कि भिवानी जिले के गांव ढाणी मिरान निवासी कश्मीर तथा डाडम निवासी सुरेन्द्र एक सफेद रंग की कार में अवैध शराब लेकर हांसी से तोशाम की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर तोशाम रोड पर नाकाबंदी कर तोशाम रोड स्थित रजवाहे के पास जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान एक कार के अंदर 36 पेटी अवैध देसी शराब बरामद हुई। जिस पर पुलिस ने अवैध शराब व गाड़ी को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

# एसडीएम ने किया निरीक्षण, खेतों में फैला मिला डंपिंग स्टेशन का कचरा

ग्रामीणों को समस्या के जल्द समाधान का मिला आश्वासन


**हांसी।** डंपिंग स्टेशन के आस-पास खेतों में फैले पॉलिथीन व प्लास्टिक का निरीक्षण करते एसडीएम राजेश खोथ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नगर परिषद हांसी द्वारा डंपिंग स्टेशन पर खुले में डाले जा रहे कचरे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेश खोथ को तेज हवाओं के कारण चारों तरफ खेतों में पॉलिथीन व प्लास्टिक फैला हुआ मिला। खेतों में फैले पॉलिथीन व प्लास्टिक के कारण सैकड़ों एकड़ गेहूं का भूसा खराब हो गया है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने किसानों व ग्रामीणों को समस्या का जल्द समाधान किए जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि यह कचरा जल्द ही हिसार कलस्टर भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम राजेश खोथ को आस-पास के क्षेत्रों मक्खियों का प्रकोप भी दिखाते हुए कहा कि मक्खियों व गंदगी के चलते ग्रामीणों का जीवन नरक बन गया है। इस अवसर पर सीएम सुशासन सहयोगी प्रतिक्षा, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सोनी व नगर परिषद जेई रवि सहित बीड़फार्म गांव के सरपंच प्रतिनिधि अनुप भौरिया किसान अमित सैनी, सुशील भोरिया, कृष्ण कुमार, राजा सैनीपुरा व डॉ संदीप चहल आदि थे।

न्यूज डायरी



## डॉ. गुंजन गोयल ने नई दिल्ली में हुए अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व शिखर सम्मेलन में की सहभागिता

**हिसार।** शिक्षाविद् डॉ. गुंजन गोयल ने दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व शिखर सम्मेलन में सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच और दूरदृष्टि किसी भी कार्य की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति आंखें तो दान कर सकता है, लेकिन दृष्टि नहीं। किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए सकारात्मक इच्छाशक्ति और दूरदृष्टि का होना आवश्यक है। डॉ. गुंजन गोयल ने बताया कि यह शिखर सम्मेलन अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। इसमें देश-विदेश से आए अनेक शिक्षाविदों ने भाग लिया, जिससे विचारों का व्यापक आदान-प्रदान हुआ तथा नवीन दृष्टिकोण प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षा एवं नेतृत्व के क्षेत्र में नई दिशा प्राप्त होती है।



## 'गुड टच–बैड टच' विषय पर किया जागरूक

**हिसार।** पुलिस की महिला समर्पित टीम ममता व किरण की ओर से कैंट पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में सरल और समझने योग्य तरीके से जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान टीम की सदस्यों ने बच्चों को उनके शरीर की सुरक्षा, निजी अंगों की समझ तथा किसी भी असहज स्पर्श की पहचान करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। बच्चों को यह भी सिखाया गया कि यदि कोई उन्हें असुरक्षित महसूस कराए, तो वे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के माध्यम से विषय को बेहतर ढंग से समझा।



## पुलिस ने दिया ई-प्रोसिक्यूशन व ई-चार्जशीट का प्रशिक्षण

**हांसी।** पुलिस कार्य प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए जिला पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय-समय पर आधुनिक पुलिसिंग, तकनीकी कार्यप्रणाली तथा नए कानूनों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। डीसीआरबी हांसी में जिला के विभिन्न थानों में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय पंचकूला के निर्देशानुसार भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत ई-प्रोसिक्यूशन एवं ई-चार्जशीट प्रणाली के संबंध में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान डीसीआरबी इंचार्ज जगमोहन द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को जानकारी देते हुए ई-चार्जशीट तैयार करने, ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन, अभियोग संबंधी तकनीकी प्रक्रिया तथा न्यायालयों में डिजिटल माध्यम से प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण में नए कानूनों के अंतर्गत तकनीकी बदलावों, ऑनलाइन केस प्रबंधन प्रणाली तथा अभियोजन प्रक्रिया को अधिक तेज एवं पारदर्शी बनाने के उपायों पर भी चर्चा की गई।



## मुंहखुर और गलघोंटू रोकने के लिए किया जागरूक

**नारनौंद।** पशुओं में आने वाली बीमारियों से बचने के लिए 11 मई से 11 जून तक 11वां मुंहखुर व गलघोंटू बीमारी के टीकाकरण का अभियान पशुपालन विभाग द्वारा उपनिदेशक डॉ रविंद्र सहरावत के मार्गदर्शन व उपमंडल अधिकारी डॉ जगबीर सिंह के नेतृत्व में नारनौद में चलाया गया है। इसी अभियान के दौरान जागरूकता फैलाने के लिए पशु चिकित्सक डॉ विनय कुमार ने बताया कि टीकाकरण व भारत पशुधन ऐप पर पंजीकरण करने का कार्य निशुल्क, पशुपालक के घर द्वार पर किया जाएगा। चार महीने से छोटे कटड़ा कटड़ी, बछड़ा, बछड़ी व बीमार पशुओं को छोड़कर सभी गाय और भैंस प्रजाति को टीकाकरण किया जाएगा। आगामी 5 वर्षों तक प्रदेश व देश से इस बीमारी को उखाड़ फेंकने के लिए गांव भैणी अमीरपुर के सरपंच प्रीतम लोहान, सरपंच मंजीत सुलचानी ने डॉ. विनय कुमार के नेतृत्व में गांव वासियों से अपील की कि वह इस टीकाकरण में पंजीकरण के कार्य में सभी मिथक त्याग कर पशुहित में, जनहित में देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। इस क्रम में गांव सुलचानी, भैणी अमीरपुर, राजथल व कागसर में पंचायत के सहयोग से विशेष किसान गोष्ठियों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर विनोद वीएलईओ, नरेश वीएलडीए, नीरज ने टीकाकरण से पहले कृमिरहित करने की दवाइयां देने की बात पशुपालकों को समझाई। पशुपालकों ने टीम को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।



## विश्व एथलेटिक्स दिवस पर हुई प्रतियोगिता

**हिसार।** विश्व एथलेटिक्स दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन बी. आरएन पब्लिक स्कूल, जेवरा किया गया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र पवार ने बच्चों को ट्रैक से जीवन तक : अनुशासन, संघर्ष और सपनों की दौड़ और विश्व एथलेटिक्स दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ एक खेल का उत्सव नहीं बल्कि मानव शरीर की असीम संभावनाओं, अनुशासन और संकल्प का प्रतीक है। एथलेटिक्स को खेलों की जननी कहा जाता है, क्योंकि दौड़ना, कूदना और फेंकना ही हर खेल का आधार है। युवा खिलाड़ियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि सपना बड़ा देखो, मेहनत उससे बड़ी करो, ओलिंपिक पदक एक दिन में नहीं मिलता। नीरज चोपड़ा का भाला हो या दौड़ने वाले के कदम, हर सफलता के पीछे सालों का पसीना है। आज जो दर्द सहोगे, कल वही आपकी पहचान बनेगा। उन्होंने बताया कि अनुशासन ही आपका असली कोच है। डाइट, नींद, ट्रेनिंग और रिकवरी। इन चार स्तंभों पर ही चैंपियन बनते हैं। शॉर्टकट के चक्कर में न पड़ें। डोपिंग न सिर्फ करियर, बल्कि जीवन खत्म कर देती है। साफ खेलो, गर्व से खेलो। एथलेटिक्स हिसार खेल मीडिया प्रभारी प्रदीप कनोह ने सभी बच्चों को उनकी मेहनत की तारीफ करें, छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें और खुद उनके लिए एक अच्छा उदाहरण बनें।